# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. भाजपा ने घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र–एक चुनाव और गरीबों के लिए घर का किया वादा, कांग्रेस का आरोप– मंहगाई पर पार्टी मौन।
2. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, कहा– नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करेंगे जागरूकता समूह।
3. मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सरायकेला में अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया माल्यार्पण, कहा– आज भी प्रासंगिक हैं बाबा साहेब के संदेश।
4. राज्य में रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए आपत्तिजनक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों को जेल भेजने के निर्देश।
5. राज्य में बदलते मौसम को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती के दौरान दी विशेष सावधानी बरतने की सलाह।

**************

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले 5 वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है। वहीं, संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने पर बल दिया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। इधर, कांग्रेस ने कहा है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और महंगाई कम करने जैसे मुद्दों पर भी भाजपा का घोषणा पत्र मौन है।

**************

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में ग्रामीणों के साथ भेंटवार्त्ता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र महिला, युवा, किसान और मजदूरों को मजबूत बनाते हुए देश को विकास की राह पर आगे ले जाने का संकल्प है।

**************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है। श्री कुमार आज गुमला जिले के सिसई में मतदान केंद्रों का जायजा ले रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ स्तर पर जागरूकता समूहों का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव के समय गर्मी अधिक रहने की संभावना है, जिसे देखते हुए मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली और शेड जैसी न्यूनतम सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। इसके अलावा सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर भी नियुक्त किये गए हैं।

**************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए एक बड़ा संदेश दिया था, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। श्री सोरेन आज सरायकेला जिले में अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एक

जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान बचाओ नारे के साथ–साथ देश बचाओ नारे को भी बुलंद करने की जरूरत है।

**************

राष्ट्र आज संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर केनरा बैंक एससी, एसटी और ओबीसी कर्मचारी समूह की ओर से बाबा साहेब की जयंती समारोह मनाई गई। इधर, गोड्डा कॉलेज के अनुसूचित जाति हॉस्टल के छात्र–छात्राओं ने एक गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीँ, लोहरदगा जिले में उपायुक्त डा. प्रसाद कृष्ण वाघमारे ने जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संविधान के रचयिता और विलक्षण प्रतिभा के धनी डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक समाज सुधारक के रूप में काम किया। इधर, हजारीबाग जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिलेवासियों को डॉ अंबेडकर जयंती की बधाई दी है। गुमला जिले में रविदास पंचायत समिति ने शहर में एक शोभायात्रा निकाली और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देवघर के अंबेडकर चौक पर जयंती के दौरान निकली गयी शोभा यात्रा में स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे और विधायक नारायण दास भी शामिल हुए।

**************

गिरिडीह जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार चुनाव लड़ने की अपील की है। समाहरणालय भवन में आज आयोजित एक बैठक में उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल और गिरिडीह संसदीय सीट के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो जायेगी और नामांकन शुरू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी लोगों को आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी 26 अप्रैल से प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

**************

दुमका संसदीय क्षेत्र के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है।

**************

देवघर जिले की पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम कार्ड बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक महाराष्ट्र के नासिक जिले का रहने वाला युवक भी शामिल है। पुलिस उपाधीक्षक आरके मित्रा ने बताया कि ये सभी पिछले डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित एक रेस्टोरेंट में नौकरी कर रहे थे और साथ ही साथ साइबर अपराध भी करते थे। इनके एक खाते से एक माह में 70 से 80 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है।

**************

गुमला जिले के पटेल चौक से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से तीन देशी कट्टा और 12 गोलियां मिली हैं। उन्होंने यह जानकारी दी कि ये सभी पहले भी विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। इधर, पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र स्थित चौड़ा मोड़ के निकट आज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 17 लाख रुपए मूल्य की अवैध लॉटरी के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

**************

राज्य में रामनवमी को लेकर सभी जिलों के प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस के अनुसार, रामनवमी के मौके पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों को सीधे जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है, जो लगातार कार्यरत है। यह सेल व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रख रही है। श्री होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किये गये हैं। इस सिलसिले में उन्हें शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

***************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले तीन से चार दिनों के दौरान पछुआ हवा चलने के कारण मौसम का रुख बदलेगा। इस दौरान धूप तेज होगी और गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। ऐसे में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती के दौरान कई तरह की सावधानी बरतने की सलाह दी है। रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक अनुराग सनड्या ने बताया कि खेतों में लगने वाले कीटों से बचने के लिए राख का छिड़काव करना चाहिए।

********समाप्त********